Bharat Temples

तेरी दया से सुबह होती तेरी दया से शाम

साई तेरी चौकठ पे बन जाये बिगडे काम,
तेरी दया से सुबह होती तेरी दया से शाम

शिरडी के कोने कोने में तेरा रूप समाया है,
तू सुख देदे या दु:ख देदे साई तेरी माया है,
यहाँ तुम्हारे कदम पड़े वह बन गया शिरडी धाम,
तेरी दया से सुबह होती तेरी दया से शाम.

तेरी शरण में आने वाला कभी न खाली जाये,
साई नाथ मेरा भगतो के बिगड़े काम बनाये,
ऐसी किरपा करदो मेरे लब पे रहे तेरा नाम,
तेरी दया से सुबह होती तेरी दया से शाम.

साई ऐसा वर दो जब मैं इस दुनिया से जाऊ,
यही आरजू बाली बाल तुझको ही सामने पाऊ,
तू ही मेरा कृष्ण कन्हियाँ तू ही भोले नाथ,
तेरी दया से सुबह होती तेरी दया से शाम.

Source:
https://www.bharattemples.com/teri-daya-se-subha-hoti-teri--daya-se-shaam/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw